# कर्ज लेकर घी पी रही कांग्रेस सरकार, राहत के नाम पर करोड़ों रुपए हो रहे हैं खर्च : अरूण सिंह

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओमप्रकाश पहाड़िया, कांग्रेस महासचिव और पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के भतीजे महासचिव बिजेंद्र सिंह शेखावत, बसपा के प्रदेश महासचिव अशोक वर्मा और सेवानिवृत आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन मीणा ने अपने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इन सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।




**प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया के सुपुत्र ओम प्रकाश पहाड़िया ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह भी मौजूद थे।**

■ **'भाजपा की लोक कल्याणकारी नीतियों के चलते पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र सहित कांग्रेस और बसपा के महासचिव ने थामा भाजपा का दामन'**

सदस्यता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन और गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आमजन का गहलोत सरकार से विश्वास उठ चुका है। खोखली घोषणाओं वाली गहलोत सरकार अब महज घोषणावीर सरकार बनकर रह गई है। कर्जा लेकर घी पीने वाली कांग्रेस सरकार राहत के नाम पर करोडों रूपए विज्ञापनों में बहा रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्याप्त जंगलराज, बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए मौजूदा सरकार रोज छोटी-छोटी घोषणा करके आमजन का ध्यान भटका रही है। राजस्थान में 17 बार पेपर लीक और 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीनें नीलाम हो गई। मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली गहलोत सरकार से जनता सवाल कर रही है कि हमें बिजली कब मिलेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है, मोदीजी की जनकल्याणकारी नीतियों में आमजन आस्था रखता है। मोदी के विकास कार्यों के चलते ही कॉंग्रेस, बसपा सहित अन्य दलों के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कॉंग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताते हुये उन्होंने कहा कि नेतृत्व विहीन कॉंग्रेस में भ्रष्टाचार वादा खिलाफी और अविश्वास के चलते गहलोत सरकार का जाना तय है। मोदी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य पिछले साठ साल में नहीं हुये, वे महज नौ वर्षों में पूरे हो गये।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाडिया के सुपुत्र ओम प्रकाश पहाडिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुये कहा कि प्रदेश में व्याप्त विसंगतियों जिसमें भ्रष्टाचार, दलितों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से प्रदेश की जनता त्रस्त हैं। साढे चार साल बीत जाने के बाद चुनावी समय में गहलोत सरकार रेवड़ियाँ बाँटने का काम कर रही है। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के महासचिव पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले बिजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कॉंग्रेस में कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है। उन्होंने कहा कि मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा का दामन थाम रहे हैं। बसपा के प्रदेश महासचिव पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अशोक वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा दलितों की हितैषी विचारधारा है। प्रदेश में दलित अत्याचार और भ्रष्टाचार से आमजन में रोष व्याप्त है। सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी चन्द्रमोहन मीणा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा के अनुभव के आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि भाजपा सामाजिक समरसता उत्थान और सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। भाजपा की बदौलत ही आज देश में आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के शीर्ष पद पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी धर्म और जातियों को साथ लेकर चलने वाली प्रजातांत्रिक पार्टी है।



**भारतीय सेना में नाथुला टाइगर के नाम से विख्यात कर्नल बिशन सिंह राठौड़ का रविवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह सीकर रोड स्थित मोक्षधाम में पूरे सैन्य सम्मान से किया गया। उनकी शवयात्रा सोमवार सुबह उनके निवास स्थान डी-2, शैतान विहार, विद्याधर नगर, सेक्टर-1 से रवाना होकर सीकर रोड मोक्षधाम पहुंची।**

# बगरू को जयपुर में रखने की मांग

■ **विधायक गंगादेवी के नेतृत्व में सैकड़ों पहुंचे खाचरियावास हाउस**

**जयपुर,** (का.प्र.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बगरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक गंगादेवी के नेतृत्व में आये सैकड़ों नागरिकों, 31 सरपंचों, व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों और बगरू के नगर पालिका क्षेत्र से आये पार्षदों और व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डलों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बगरू विधायक और वहां की जनता को पूरा सम्मान दिया जायेगा।

खाचरियावास ने कहा कि राजधानी जयपुर के दो टुकड़े नहीं होंगे। जयपुर में बगरू, सांगानेर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, हवामहल, आदर्श नगर, किशनपोल, सिविल लाईन्स, आठ विधानसभा क्षेत्र सहित हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम के 250 वार्डो से जयपुर लोकसभा और राजधानी के रूप में काम कर रहे हैं। जयपुर का स्वाभिमान, सम्मान, विरासत, इतिहास, रियासतकाल से राजस्थान की राजधानी के रूप में जाना जाता है। राजधानी का अपना एक सम्मान और वर्चस्व और गरिमा होती है, उस गरिमा के मध्यनजर जयपुर शहर लोकसभा की आठों विधानसभाओं और दोनों नगर निगम को जयपुर में रखा जायेगा। खाचरियावास ने कहा कि बगरू विधानसभा क्षेत्र के एक हजार से ज्यादा लोगों का सिविल लाईन्स पहुंचना, इस बात का प्रमाण है कि विधायक गंगादेवी और सभी लोग बगरू को पहले की तरह जयपुर में ही रखना चाहते है।खाचरियावास ने कहा कि बगरू के लोग, जब दूदू में नहीं जाना चाहते तो बगरू के लोगों की भावनाओं का सम्मान रखा जायेगा, क्योंकि वो पहले से राजधानी जयपुर में शामिल है। बगरू को दूदू में नहीं दिया जा सकता, बगरू को जयपुर में ही रखा जायेगा। खाचरियावास के आश्वासन के साथ हजारों की तादाद में आये बगरू के नागरिक सिविल लाईन्स से अपने-अपने क्षेत्रों में चले गये।

विधायक गंगादेवी ने कहा कि यदि बगरू को जयपुर से अलग करके दूदू के साथ जोड़ा गया तो वो बगरू की जनता के साथ हाईवे जाम करके बैठ जायेगी। उन्होंने खाचरियावास से कहा कि यदि बगरू को जयपुर से अलग किया तो वो स्वयं जनता के साथ आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# एक अक्टूबर तक 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी कर सकेंगे विधानसभा चुनाव में मतदान

■ **23 जून तक बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन**

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने की जिला स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा**

**जयपुर,** (का.सं.)। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग ने अपनी तैयार तेज कर दी हैं। तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने सोमवार को जिला स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की एवं उनसे पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सुझाव मांगे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूचियां दुरुस्त करने के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विविध प्रकार के कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं।

बैठक में राजपुरोहित ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, प्रारूप मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध करवा कर पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने हेतु बीएलओ का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने ने बताया कि जयपुर जिले में पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों में 23 जून तक बीएलओ घर घर जाकर परिवार के मुखिया से सत्यापन किया जाएगा। तथा बीएलओ द्वारा अपंजिकृत पात्र व्यक्ति एकाधिक प्रविष्टियां/मृत मतदाता/स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता, विशेष योग्यजन मतदाता के संबंध में सूचनाएं एकत्रित करेगा एवं मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार की सूचना एकत्रित करेगा। साथ ही उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश हैं कि मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के पश्चात मतदान केन्द्रों के सुव्यवस्थिकरण के प्रस्ताव तैयार किये जावें।

यदि कोई आवेदक मतदात सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रारूप 6 में आवेदन करते समय अपना यूनिक मोबाइल की सूचना प्रस्तुत करता है तो पंजीकरण होने की स्थिति में वह अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र ई-पिक ऑनलाइन से प्राप्त कर सकता है।

## चिमनपुरा में अब नवीन कृषि महाविद्यालय

**जयपुर।** जयपुर जिले के चिमनपुरा में बाबा नारायण दास राजकीय कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। यह महाविद्यालय निर्माणाधीन भवन में पृथक से संचालित होगा।

# केंद्र सरकार की अल्पसंख्यक जन कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने केन्द्र सरकार की अल्पसंख्यक जन-कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर का विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं चुनाव में जुट जाना चाहिए व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा ही अल्पसंख्यक समाज के हितों के कार्य करते रहे हैं। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब भी और देश के प्रधानमंत्री बने तब भी। इसका प्रमुख उदहारण यह है कि खाड़ी के देशो ने हमेशा ही हमारे प्रधानमंत्री को बेहद मान-समान दिया है। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चे के प्रदेश प्रभारी सरदार अजय पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्य समाज भाजपा के साथ है व उसकी रिति-नितियों का हमेशा ही समर्थन करता आया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान ने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज इस बार अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक समाज से की गई वादाखिलाफी को लेकर से बेहद नाराज है इस का परिणाम चुनाव के वक्त में देखने को मिलेगा। बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने किया व उन्होंने पदाधिकारियों उनके प्रवास के बारे में जानकारी दी। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसेन खान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रदेश में दो नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को दो नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान केवल एक ही मरीज के ठीक हुआ है। राज्य में फिलहाल 17 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में सोमवार को उदयपुर में 2 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले रविवार को तीन रोगी पाए गए थे।

## मंदिर में चोरी करने वाले पकड़े

**जयपुर ।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर में चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र के मनसा माता मंदिर से चोरी की वारदात करने वाले आरोपी राहुल अग्रवाल (28) निवासी भोपजी की ढाणी हरमाड़ा और योगेश बलाई (20) निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी बालाजी सीकर रोड हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 पीतल की गरूड़ घंटी, एक पीतल का कमंडल और एक चोरी में प्रयुक्त ली गई मोटरसाइकिल को बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शौक पूरा करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया । फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर ।** करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीने का पानी मांगने के बहाने कमरे में घुस कर महिला से दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे शहदाब खां निवासी माधोटांडा जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया जिसे न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस संबंध में 22 मई को पीडिता ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके मकान में किराए पर रहने वाले आरोपी शहदाब खां ने 8 मई की सुबह पीने का पानी मांगने के बहाने कमरे में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर फरार हो गया।

# महिला न्यायिक अधिकारी से दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों को जमानत

■ **जयपुर के प्रतापनगर में डी-मार्ट की घटना**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रताप नगर के डी-मार्ट में बीते दिनों महिला न्यायिक अधिकारी की लज्जा भंग और उसके परिजनों से मारपीट के मामले में आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अवकाशकालीन न्यायाधीश प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी लोकेश, संजय कुमार और नरेन्द्र शर्मा की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए।


जमानत याचिकाओं में अधिवक्ता सीसी रत्नु और सुरेश गुर्जर ने अदालत को बताया कि याचिकाकार्ताओं के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया है। वहीं सह आरोपी मनीषा को पूर्व में जमानत पर रिहा किया जा चुका है।

इसके अलावा मामले में शिकायतकर्ताओं को कोई जानलेवा चोट नहीं आई हैं। इसके साथ ही याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में बंद हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकीलों ने कहा कि आरोपियों ने महिला न्यायिक अधिकारी की लज्जा भंग व मारपीट की है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत में तीनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि परिवादी जितेन्द्र विजय ने गत 21 मई को प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह अपने पत्नी और सास-ससुर के साथ डी-मार्ट गया था। यहां एक महिला लिफ्ट रोककर खडी थी। जब उसने महिला को हटने के लिए कहा तो उसने गाली-गलौच शुरु कर दी। वहीं महिला के पति के आने के बाद उससे धक्का-मुक्की की।

इस दौरान जब वे दूसरी मंजिल पर गए तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि दो लोगों ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया और न्यायिक अधिकारी पत्नी की लज्जा भंग करते हुए सास-ससुर से भी मारपीट की।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। जहां से अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया। मामले में पूर्व में निचली अदालत में जमानत अर्जी पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने महिला आरोपी को जमानत पर रिहा करते हुए तीनों याचिकाकर्ताओं की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था।



**बिपरजोय तूफान के कारण गुजरात व महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं, इसका असर राजस्थान में भी देखने को मिलेगा लेकिन आज चल रही लू के कारण जयपुर में लोगों का हाल खराब है। विद्याधर नगर के किसन बाग के पीछे बने रेत के टीलों से बहते रेत के झरने गर्मी व लू के हालात बयां कर रहे हैं।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

## जोधपुर, कोटा और अलवर सेना भर्ती रैली का आयोजन 15 से

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रथम चरण के तहत सेना भर्ती रैलिया, सेना भर्ती कार्यालय, जोधपुर, कोटा और अलवर द्वारा 15 जून से 23 जून, 1 जुलाई से 7 जुलाई और 11 जुलाई से 18 जुलाई को आयोजित की जायेंगे। इन रैलियों में सफल उम्मीदवारों को अक्टूबर में विभिन ट्रेनिंग सेंटरों में भेज दिया जाएगा। चरण दो के तहत अगली सेना भर्ती रैलियों जनवरी 2024 में सेना भर्ती कार्यालय, जयपुर और सेना भर्ती कार्यालय, झुंझुनूं द्वारा आयोजित कि जाएगी। सफल अभ्यर्थियों को अप्रैल 2024 में रेजीमेंट ट्रेनिंग सेंटर में भेज दिया जाएगा।

21 मई को ज्वाइन इंडिया आर्मी की वेबसाइट पर कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) के तहत परिणाम घोषित कर पहले चरण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है। इसमें लगभग एक लाख उम्मीदवारों ने पूरे राजस्थान में 26 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में भाग लिया और तैतीस हजार से अधिक उम्मीदवारों को नई भर्ती प्रक्रिया के दूसरे चरण के तहत भर्ती रैली के लिए बुलाया गया है। कॉल अप के आधार पर सेना भर्ती कार्यालयों द्वारा सेना भर्ती रैलियों का संचालन किया जाएगा जिसमें स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद चिकित्सा परिक्षण किया जाएगा।

## डॉ.पूनिया उत्तरप्रदेश प्रवास पर आज से

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान के तहत राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मंगलवार ओर बुधवार को उत्तरप्रदेश प्रवास पर रहेंगे, जहां वह सम्भल और मैनपुरी लोकसभा क्षेत्रों में लाभार्थी सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन और जनसभाओं को संबोधित करेंगे। डॉ. पूनियां 13 जून को सुबह 7 बजे जयपुर से उत्तरप्रदेश के लिये प्रस्थान करेंगे। मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देशय से सतीश पूनिया 13 जून को सम्भल लोकसभा क्षेत्र के कुंदरकी में दोपहर 12.15 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन, दोपहर 2 बजे बहजोई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## 'जनता के विकास के मुद्दों पर ध्यान दें'

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अशोक गहलोत, आप राजस्थान के मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ राज्य के गृह विभाग के भी मुखिया हो। जब निर्दलीय विधायक को खरीदने के लिए सरकार गिराने की साजिश में शामिल लोग पैसा लेकर बांसवाड़ा तक आ गए, डिक्की में पैसा भी रख दिया तो आपकी खुफिया एजेंसी हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी रही? विधायकों की खरीद फरोख्त को लेकर नित नए बयान देकर चाय की प्याली में तूफान लाने का काम बंद करें और जनता के विकास के मुद्दों पर ध्यान दें तो बेहतर होगा।

## सार-समाचार

### कवि गोष्ठी व काव्य कृतियों का विमोचन

**जयपुर ।** साहित्य स्पंदन समूह जयपुर की ओर से आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सिंधु नगर मुरलीपुरा स्थित एस. के. पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सभागार में जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष चंद शर्मा की काव्य कृति अनुभूतियों के इंद्रधनुष, डॉक्टर एन.एल.शर्मा निर्भय की कृति निर्भय नरसिंह के गीत तथा डॉ.मंजू मिश्रा स्वयं सिद्धा, डॉ. राजरानी अरोडा ''वृंदा'' एवं रंजीता अरोड़ा के साझा काव्य संग्रह कल्पना पुंज एवं रमेश चंद शर्मा राही के खंडकाव्य पुष्यमित्र शुंग राही की अनन्य गजलें राही की शायरी भाग-2 कविता संग्रह, साहित्य स्पंदन एवं कृष्ण की बाल लीलाएं खंडकाव्य सहित कुल 8 पुस्तकों का विमोचन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.मीनाक्षी शर्मा चेयरमैन, सीताराम अग्रवाल मंगला सरिया, वेद प्रकाश शर्मा वेद साहित्यकार नगर, विशिष्ट अतिथि के सान्निध्य में किया गया जिसमें कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्य स्पंदन के संयोजक सुभाष चंद शर्मा एवं अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा राही के संयोजन में जयपुर एवं बाहर से पधारे कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया जिनमें आर एल दीपक , कैलाश गुप्ता, प्रहलाद चंचल, रामबाबू शर्मा राज, कल्याण गुर्जर, मुकेश गुप्ता राज, कल्याण सिंह शेखावत ,मान सिंह मऊ, कवयित्री रेखा शर्मा एवं नम्रता शर्मा आदि ने काव्य पाठ किया मंच संचालन टोंक से पधारी ममता जाट ने किया साहित्य स्पन्दन समूह के संयोजक सुभाष चंद शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

### तंबाकू रोकथाम के लिए जागरूक किया

**जयपुर ।** प्रदेश में 31 मई से संचालित किए जा रहे तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन के तहत 60 दिवसीय जनजागरुकता कैम्पेन, कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय व सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान सहित सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जनजागरुकता विकसित करने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तम्बाकू निषेध 60 दिवसीय कार्ययोजना में संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तम्बाकू मुक्ति के लिये रोकना और टोकना दोनों विशेष रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षिणक-चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिये निर्धारित किये गये 9 मापदण्डों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मिशन निदेशक ने सामुदायिक स्तर पर जागरुकता के लिये शैक्षिणक संस्थानों में तम्बाकू मुक्ति एवं इसके प्रभाव विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, यूथ सेल्फी प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही युवाओं में जागरुकता हेतु वीडियो संदेश तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने के निर्देश दिए।

### बोहरा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने सोमवार को वार्ड 72 के सभी बूथ अध्यक्ष व वार्ड कार्यकर्ताओं की बैठक ली। वार्ड अध्यक्ष विपिन सिंघल के यहां आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष पारस जैन ने की। पारस जैन ने बताया कि सांसद रामचरण बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के शासनकाल में करवाए गए जनहित के कामों को आमजन तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी के आव्हान पर 13 जून को जयपुर में सचिवालय के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने ध्वनि मत से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षद पारस जैन ने सांगानेर मे अल्पसंख्यक छात्रावास के लिए भूमि आवंटन रद्द कराने की मांग उठाई। जिस पर फैसला हुआ कि 17 जून को 6:30 बजे देलावास बालाजी पर कार्यकर्ता उमड़ेंगे।